सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-382
28/08/2018

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया अंशदान

पटना 28 अगस्त 2018 :– आज मुख्य सचिवालय के मुख्यमंत्री कार्यालय कक्ष में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम की ओर से दस करोड़ रूपये के अंशदान का चेक पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

इस अवसर पर प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, अध्यक्ष बिहार राज्य पुल निर्माण निगम श्री जीतेन्द्र श्रीवास्तव सहित पुल निर्माण निगम के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की।

******